हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 10 जुलाई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

एचपीवी टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम संभव

4



हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026

सामान्य कूपन 10 जुलाई 2026

कूपन नं. 7

## खबर संक्षेप

### किकिरदा में कृषक उन्नति योजना अंतर्गत किसान शिविर आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के बजरंग चौक में शुक्रवार 10 जुलाई को दोपहर 1 बजे से कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को धान फसल के अतिरिक्त दलहन और तिलहन आदि फसलों में लाभ देने के उद्देश्य से बृहद किसान शिविर का आयोजन रखा गया है। उक्त कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों के शिविर में कृषि विभाग जैजैपुर के अधिकारियों के द्वारा किसानों को धान फसल के अतिरिक्त मूंगफली, अरहर,मूंग मसूर, तील, उड़द, अलसी आदि दलहन और तिलहन फसलों में मिलने वाले अतिरिक्त लाभ और बीमारियों के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक चर्चा करके जानकारी दी जाएगी। कृषक उन्नति योजना के इस शिविर में सभी किसानों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद पर भर्ती के लिए आवेदन 17 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मोहतरा 1 में कार्यकर्ता पद एवं आंगनबाड़ी केन्द्र कटौद 6 में आंगनबाड़ी सहायिका पद रिक्त होने के कारण उक्त पद पर भर्ती के लिए 17 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ ने बताया कि इस हेतु ऑनलाईन वेबसाईट में जाकर अनिवार्य दस्तावेजों की फाइल डाउनलोड करते हुए आवेदन कर सकतें है। नियत समय के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। साथ ही आवेदन के समय अनिवार्य दस्तावेजों की फाइल डाउनलोड न करने की स्थिति में आवेदन स्वीकृत नहीं किये जाएगें।

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**सक्ती।** आगामी 3 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु नामांकन एवं आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर निर्धारित श्रेणियों में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नामांकन एवं आवेदन की प्रक्रिया 15 मई से प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

### चेक बाउंस मामलों के निराकरण के लिए विशेष लोक अदालत 18 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर-चांपा जयदीप गर्ग प्रधान के मार्गदर्शन में तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 18 जुलाई एवं 21 नवंबर को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जांजगीर चांपा एवं सक्ति जिले के समस्त न्यायाधीशों को चेक बाउंस प्रकरणों को चिन्हांकित करने तथा अधिक से अधिक मामलों में दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर प्री-सीटिंग आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जिला एवं तालुका स्तर पर आयोजित होने वाली इस विशेष लोक अदालत के प्रचार-प्रसार करने कहा गया है।

### शिक्षकीय कार्य छोड़ दफ्तरों में अटैच होने वालों को 'जय जुगाड़' की उम्मीद

# 'वीएसके ' ने बढ़ाई संलग्न शिक्षकों की धड़कने, वेतन पर लटक सकती है तलवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शिक्षा विभाग द्वारा इस बार लागू किए गए व्हीएसके एप में अटेंडेस के नियम ने शिक्षकीय कार्य छोड़ जहां तहां दफ्तरों में अन्य कार्यो में संलग्न शिक्षकों की धडकने बढ़ा दी है। दरअसल शासन द्वारा जारी आदेश के मुताबिक संलग्नीकरण को समाप्त करते हुए सभी शिक्षकों को मूल शाला में व्हीएसके एप के माध्यम से प्रतिदिन उपस्थिति देने कहा गया है। खास बात यह है कि इसी आधार पर उनका वेतन बनना है। ऐसे में इस नियम को लेकर सख्ती बरती जाती है तो संलग्न शिक्षकों का वेतन भुगतान खटाई में पड़ सकता है।

गौरतलब है कि शिक्षकों के स्कूलों में निर्धारित समय पर उपस्थित सुनिश्चित करने शासन द्वारा इस बार विद्या स्कूल केन्द्र एप (व्हीएसके) तैयार किया गया है। जिसके आधार पर शिक्षकों को अपनी उपस्थिति मोबाइल के माध्यम से देनी है। खास बात यह है कि यह एप संबंधित शिक्षकों के मूल पदस्थापना वाले शाला में ही पहुंचने के बाद काम करेगा। इसी के आधार पर संस्था प्रमुख संबंधित शिक्षकों का वेतन जारी करेंगे। ऐसे में शासन द्वारा संलग्नीकरण समाप्त कर सभी शिक्षकों को मूल शाला जाने का आदेश जारी किया गया है। बावजूद इसके जांजगीर चांपा के साथ सक्ती जिले में भी कई शिक्षक विभिन्न दफ्तरों और अन्य जगहों पर संलग्न है। बताया जाता है कि नियमानुसार जुलाई महीने में इस एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने शुरू कर दी गई है। इसी आधार पर वेतन भुगतान भी होना है। ऐसी स्थिति में इस नियम को लेकर यदि सख्ती बरती जाती है तो शिक्षकीय कार्य छोड़ विभिन्न दफ्तरों में अथवा मनचाहे स्थानों पर संलग्नीकरण के तहत ड्यूटी करने वाले शिक्षकों और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ सकती है। उनका वेतन भुगतान खटाई में पड़ सकता है। हालांकि विभिन्न दफ्तरों में अधिकारी का दायित्व निभाने वाले शिक्षक इस नियम की सख्ती को लेकर कुछ विकल्प निकलने की उम्मीद भी लगाए बैठे है।

#### नहीं बनेगा वेतन

राज्य शासन के आदेशानुसार संलग्नीकरण पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। शिक्षकों का वेतन उनके मूल शालाओं में व्हीएसके एप से उपस्थिति दर्ज कराने पर ही बनना है। राज्य शासन के आदेश पर जो शिक्षक दफ्तरों में जिम्मेदार पदों पर है वे इस दायरे में नहीं आएंगे। बाकी सभी को मूल शाला जाना होगा।

**-अशोक सिन्हा,**
डीईओ, जांजगीर चांपा

### मिडिल स्कूल में शिक्षक नहीं, छात्र-छात्राओं ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन



**मालखरौदा।** ब्लॉक मुख्यालय में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पास संचालित हिंदी माध्यम मिडिल स्कूल में स्कूल स्कूल खुले 1 महीने होने को है लेकिन आज तक एक भी शिक्षक नहीं है। ऐसे मे पढ़ाई का नुकसान होते देख, बच्चों ने खुद एकजुट होकर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंच उन्हें अपनी मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। बताया जाता है कि मिडिल स्कूल में पिछले काफी समय से शिक्षकों के कई पद खाली पड़े हैं। स्कूल में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे मुख्य विषयों को पढ़ाने के लिए एक भी शिक्षक नहीं हैं। बच्चों का कहना है कि स्कूल खुले महीने दिन होने को है, लेकिन उनके यहां शिक्षकों की व्यवस्था अभी तक नहीं हो सकी है। शिक्षकों के नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने तुरंत बच्चों और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों से ज्ञापन लिया और उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल प्रधान मालखरौदा ने बताया कि बच्चों की शिकायत पूरी तरह जायज है। शिक्षकों की कमी के संबंध में विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी को शीघ्र अवगत कराकर शिक्षण व्यवस्था सुधारने की बात कही।

### हायर सेकेण्डरी स्कूल सलखन में कई विषयों के शिक्षक नहीं

**शिवरीनारायण।** शिक्षण सत्र शुरू होने और शाला प्रवेश उत्सव मनाए जाने के बावजूद नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत सलखन स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय में कई विषयों के शिक्षकों की कमी बनी हुई है। विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के अभाव में कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जिससे छात्रों और पालकों में चिंता का माहौल है। विद्यालय खुलने के एक सप्ताह बाद भी कई विषयों में शिक्षकों की पदस्थापना नहीं होने से विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई शुरू नहीं हो सकी है। छात्रों का कहना है कि बिना विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के बोर्ड परीक्षा की तैयारी करना मुश्किल हो रहा है। इसको लेकर छात्र-छात्राएं अपने पालकों के साथ जिला मुख्यालय जांजगीर पहुंचे और अफसरों को ज्ञापन सौंपा।



सड़क पर गिरा पीपल पेड़ और फंसे राहगीर।

# अचानक सड़क पर गिरा विशालकाय पेड़, चपेट में आए राहगीर घायल

## बिजली के तार टूटने से विद्युत व्यवस्था चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

नगर के बम्हनीडीह रोड पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जब वर्षों पुराना एक विशालकाय पीपल का पेड़ अचानक भरभराकर सड़क पर गिर पड़ा। हादसे के समय सड़क से गुजर रहे कई लोग इसकी चपेट में आ गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में कई लोग घायल हुए हैं। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय कुछ बाइक सवार पेड़ के नीचे से गुजर रहे थे। तभी अचानक विशाल पीपल का पेड़ पूरी सड़क पर गिर पड़ा। इसकी चपेट में आने से सारागांव निवासी भूपेंद्र पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं अन्य कई लोगों को भी चोटें आई हैं। हादसे में सड़क किनारे खड़ी और गुजर रही दो मोटरसाइकिलें भी पेड़ के नीचे दबकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग व पुलिस टीम मौके पर पहुंच गए और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। पेड़ गिरने से सड़क के ऊपर से गुजरी बिजली लाइन और विद्युत तार पूरी तरह टूट गई। जिससे नगर सहित आसपास के क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। पेड़ सड़क पर गिरने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कई घंटों तक आवागमन प्रभावित रहा। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। इसी मार्ग पर स्कूल भी स्थित है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और अभिभावक गुजरते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि यह हादसा स्कूल लगने या छुट्टी के समय होता तो जनहानि और भी अधिक हो सकती थी। घटना के बाद लोगों ने प्रशासन से नगर के सभी पुराने एवं जर्जर पेड़ों का सर्वे कराकर आवश्यक छंटाई अथवा हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

#### बरसात में आगे भी आ सकती है परेशानी

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पीपल का पेड़ काफी पुराना था। इसके बावजूद संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन ने समय रहते इसकी जांच या आवश्यक छंटाई की ओर ध्यान नहीं दिया। लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में जमीन में नमी बढ़ने से ऐसे पुराने पेड़ों के गिरने की आशंका अधिक रहती है। यदि समय रहते इन्हें चिन्हित कर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में इससे भी बड़े हादसे हो सकते हैं।

# पुल-पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने नहीं ध्यान जल्दबाजी में डाल रहे जोखिम में जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में बरसात के पूर्व पुल-पुलिया की ऊंचाई बढाने को लेकर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके चलते बरसात के समय में लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानी हो रही है। इस प्रकार की समस्या हर साल बरसात में बनी रहती है। जल्दबाजी के फेर में लोग जान जोखिम में डालकर ऐसे पुल को पार कर रहे हैं। फिर भी इस दिशा में उचित पहल नहीं हो पा रही है।

जांजगीर-चाम्पा जिले के कई जगहों पर आज भी कम ऊंचाई के पुल-पुलिया है, जिनकी ऊंचाई बढ़ाने को लेकर जिम्मेदार अफसर ध्यान नही दे रहे है। अब बारिश का दौर भी शुरू हो हो गया है, और इसके साथ ही लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। हाल ही में हुई बारिश के बाद कम ऊंचाई के कई पुल पर पानी चढ़ गया। ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे पुल को लोग जान जोखिम में डालकर पार करते रहे। जांजगीर चाम्पा और सक्ती जिले में ऐसे दर्जनभर से अधिक पुल हैं, जो परेशानी का सबब बने हुए हैं। बलौदा ब्लाक के ग्राम बहेराडीह- सिवनी के मध्य जमड़ी नाला पुल की ऊंचाई काफी कम है। इसी प्रकार नवागढ क्षेत्र के कुरियारी एवं तुस्मा के मध्य बहने वाले कंजी नाला के पुलिया की ऊंचाई भी काफी कम है। बम्हनीडीह ब्लाक के अफरीद से सोठी को जोड़ने वाली सड़क के बीच जमड़ी नाला का पुल कम ऊंचाई का बना हुआ है। बरसात प्रारंभ होते ही अफरीद रास्ते के माध्यम से मुड़पार, पचोरी, झर्रा, सरवानी आने जाने वाले लोगों की परेशानी और भी बढ़ जाती। जमड़ी पुल की ऊंचाई काफी कम है। इसी तरह बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम बंसुला से सक्ती जिले के ग्राम मुक्ता को जोड़ने वाली पुलिया की ऊंचाई काफी कम है, जिसके चलते बरसात का दौर प्रारंभ होते ही आवागमन करने वाले लोगो की परेशानी बढ़ जाती। पुल के ऊपर पानी बहने के चलते आवागमन अवरुद्ध हो जाता है। कम ऊंचाई के पुल पर बारिश का पानी चढ़ने से ग्रामीणों को 15 से 20 किलोमीटर घुमकर आवागमन करना पड़ता है। जल्दबाजी के फेर में लोग पानी की धार चलते हुए कम ऊंचाई के पुल को पार करते हैं, जिससे जान का जोखिम बना रहता है। इस तरह की समस्या कई सालों से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग के अफसर पुल पुलिया की ऊंचाई बढाने को लेकर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### बरसात में कर दी सड़क की खुदाई...



**शिवरीनारायण।** टेंपल सिटी में नल जल योजना के काम के लिए सड़क की खुदाई कर दी गई है। करीब 10 दिन पहले सड़क खोदी गई है, लेकिन अभी तक इसे पाटकर दुरूस्त नहीं किया गया है। ऐसे में रात के अंधेरे में हादसे का खतरा बढ़ गया है।

### डॉ. खूबचंद बघेल रत्न पुरस्कार के लिए आवदेन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** कृषि के क्षेत्र में नवाचार, उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से डॉ. खूबचंद बघेल रत्न पुरस्कार के लिये 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। उप संचालक कृषि राकेश शर्मा द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ राज्य के मूल निवासी इच्छुक कृषक आवेदन का प्रारूप कार्यालय उप संचालक कृषि एवं विकासखण्डों के कृषि कार्यालयों में निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी इच्छुक कृषको को पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र 31 जुलाई को सायं 5 बजे तक कार्यालय उप संचालक कृषि जांजगीर में जमा करना अनिवार्य होगा।

# कबाड़ में तब्दील हो रही पंचायतों में बनीं गुमटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपए की लागत से बने अटल व्यवसायिक परिसर का उपयोग नहीं हो पा रहा है। शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने पंचायतों में कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया गया है, लेकिन कई स्थानों पर दुकाने पड़े पड़े कबाड़ हो रही हैं। कई गांव में आबंटन का पेंच फंसा होने के कारण दुकाने बंद पड़ी हैं। वहीं बहुत से ऐसे भी दुकान हैं, जिनका आबंटन होने के बाद भी उपयोग नहीं किया जा रहा। बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत कमरीद मे 8 लाख की लागत से पांच अटल व्यवसायिक परिसर बनाया गया है, लेकिन दुकानों में ताला लटका हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पिसौद में बना अटल व्यवसायिक परिसर खाली पड़ा हुआ है। बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम पंचायत पोड़ीशंकर में 5 लाख की लागत से बने कॉम्पलेक्स की अधिकांश दुकाने बंद हैं। ग्राम पंचायत तालदेवरी में भी अटल व्यवसायिक परिसर भवन का उपयोग नहीं हो पा रहा है। ग्राम पंचायत बसुला और लखुर्री में भी अटल व्यवसायिक परिसर का उपयोग नहीं हो रहा है।

### स्कूल आने-जाने के लिए दोपहिया वाहन चला रहे छात्र

# नाबालिग हाथों में बाइक-स्कूटी का स्टेयरिंग, बढ़ रहा हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



नाबालिग चालकों से पकड़े गए वाहन।

जिले में नाबालिग बच्चों द्वारा बाइक और स्कूटी चलाने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। सुबह स्कूल खुलने और छुट्टी के समय सड़कों पर बड़ी संख्या में स्कूली छात्र बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के दोपहिया वाहन चलाते नजर आते हैं। यातायात नियमों की अनदेखी और कम उम्र में वाहन चलाने की यह बढ़ती प्रवृत्ति सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को बढ़ा रही है।

शहर के प्रमुख मार्गों, स्कूलों के आसपास और बाजार क्षेत्र में अक्सर स्कूली छात्र तेज रफ्तार में बाइक और स्कूटी चलाते दिखाई देते हैं। कई मामलों में छात्र हेलमेट का भी उपयोग नहीं करते, जिससे दुर्घटना होने पर गंभीर चोट का खतरा और बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि कम उम्र में वाहन चलाने के दौरान अनुभव की कमी, जल्दबाजी और यातायात नियमों की जानकारी का अभाव दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन सकता है। यातायात नियमों के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को मोटरसाइकिल या स्कूटी चलाने की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद कई अभिभावक स्वयं अपने बच्चों को दोपहिया वाहन उपलब्ध करा रहे हैं। इससे न केवल बच्चों की जान जोखिम में पड़ रही है, बल्कि अन्य राहगीरों की सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि नाबालिगों के हाथों में वाहन की स्टेयरिंग देना किसी भी स्थिति में सुरक्षित नहीं है। प्रशासन, स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से ही इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

#### यातायात पुलिस ने शुरू किया अभियान

यातायात पुलिस ने नाबालिगों के वाहन ना चलाने के लिए अभियान शुरू किया है। इसके तहत मंगलवार को चौक चौराहों में जांच की गई। इस दौरान 15 नाबालिग चालक स्कूटी व बाइक चलाते पकड़े गए। सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2-2 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही परिजनों को बुलाकर नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं देने समझाईश दी गई। इसके अलावा अब स्कूलों में भी इस दिशा में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# स्टेशन के पास युवक पर हमला हालत गंभीर, आरोपी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिला मुख्यालय में बुधवार देर रात स्टेशन के पास विवाद में अज्ञात युवक ने एक युवक पर कटर से हमला कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सक्ती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती के वार्ड क्रमांक 4 निवासी साहिल उर्फ भोंगा अपने कुछ परिचितों के साथ स्टेशन गया हुआ था, जहां किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने साहिल पर कटर से हमला कर दिया। हमले के बाद साहिल गंभीर रूप से घायल होकर एक होटल मे घुस गया। घटना देख आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल डायल 112 और पुलिस को सूचना दी। पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और मामले की जांच शुरू कर दी। मामले में एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### प्रतीक जैन होंगे जिला पंचायत के नए सीईओ



**कोरबा।** राज्य शासन ने प्रशासनिक फेरबदल के तहत आईएएस अधिकारी प्रतीक जैन को जिला पंचायत कोरबा का मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। इससे पहले वे बस्तर जिले में जिला पंचायत सीईओ के रूप में पदस्थ थे। आईएएस प्रतीक जैन छत्तीसगढ़ कैडर के वर्ष 2020 बैच के अधिकारी हैं। वे शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट उपलब्धि रखते हैं। उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से बी कॉम (ऑनर्स) की पढ़ाई की है तथा वे चार्टर्ड अकाउंटेंट भी हैं। प्रशासनिक दक्षता और वित्तीय प्रबंधन की मजबूत समझ रखने वाले अधिकारी के रूप में उनकी पहचान रही है। कोरबा में उनके कार्यभार संभालने के बाद जिला पंचायत की विकास योजनाओं, ग्रामीण अधोसंरचना, पंचायतों की कार्यप्रणाली और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### योजनाओं से जोड़ने चलाया जागरूकता अभियान



**कोरबा।** जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कटघोरा द्वारा 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत जिला यूनियन क्षेत्र को पोड़ी, चैतमा, पसान, जटगा एवं छुरी क्लस्टर में विभाजित कर विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन प्रबंध संचालक कुमार निशांत के निर्देशन तथा नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा, उप प्रबंध संचालक की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान एमएसपी फॉर एमएफपी योजना के तहत लघु वनोपज का निर्धारित मानकों के अनुरूप संग्रहण एवं शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर विक्रय करने के लाभों की जानकारी दी गई। बताया गया कि इससे संग्राहकों एवं हितग्राहियों को उचित मूल्य मिलने के साथ उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रबंधकों एवं फड़ मुंशियों को अधिक से अधिक लोगों को योजना से जोड़ने तथा वन धन विकास केंद्रों एवं प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समितियों के लिए गुणवत्तापूर्ण कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### पाम मॉल के सीढ़ी पर चढ़ाई स्कार्पियो, मामला दर्ज



**कोरबा।** शहर में रसूखदारों और रईसजादों के लिए कानून का डर जैसे पूरी तरह खत्म हो चुका है। 6 जुलाई की रात करीब 1 बजे टीपी नगर स्थित मॉल में बिलासपुर के कथित ठेकेदार रमन ने सरेआम शराब के नशे में धुत होकर अपनी स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 10 सीडी 0513 को सीधे मॉल के मुख्य प्रवेश द्वार की सीढ़ियों पर चढ़वा दी। मॉल के सुरक्षाकर्मियों ने गाड़ी को पार्किंग में खड़ा करने को कहा तो उनसे वाद विवाद करने लगा। मामले में सीएसईबी चौकी प्रभारी एसआई राजेश तिवारी ने सुरक्षा सुपरवाइजर की शिकायत पर स्कार्पियो वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में लेकर धारा 281 बीएनएस व 184 एमव्ही एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

# हर 15 दिन में मरम्मत कर सुगम आवागमन सुनिश्चित करें

## निर्माणाधीन सड़कों का कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले में सड़क अधोसंरचना को बेहतर बनाने और आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज ध्यानचंद चौक से रूमगरा होते हुए बालको के बजरंग चौक तथा रिसदा चौक से रिसदी चौक तक निर्माणाधीन सड़क का पैदल निरीक्षण कर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने सड़क पर उतरकर निर्माण कार्य का बारीकी से अवलोकन किया तथा हाल ही में हुई बारिश के कारण प्रभावित हुए हिस्सों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य पूर्ण होने तक आम नागरिकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इसके लिए सड़क की स्थिति का नियमित निरीक्षण करते हुए प्रत्येक 15 दिन में आवश्यक मरम्मत कर आवागमन को सुचारु बनाए रखा जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ध्यानचंद चौक से रिसदी चौक तक लगभग 5.74 किलोमीटर लंबी निर्माणाधीन सीसी सड़क का कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं तय समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और कार्य में तेजी लाते हुए इसे शीघ्र पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ढेंगुरनाला-बेलगिरी पुल का भी अवलोकन किया। पुल की वर्तमान स्थिति एवं आवश्यक मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवागमन प्रभावित न हो, इसके लिए प्रस्तावित रपटा निर्माण एवं परिवर्तित मार्ग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को वैकल्पिक मार्ग के निर्माण के लिए शीघ्र विस्तृत प्राक्कलन (एस्टीमेट) तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यक स्वीकृति के बाद कार्य प्रारंभ किया जा सके।

### ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक बालको तक बनेगी टू लेन सड़क

ध्यानचंद चौक से बालको के बजरंग चौक तथा रिसदा से रिसदी चौक तक कुल 5.74 किलोमीटर सड़क को टू-लेन सीसी सड़क के रूप में विकसित करने के लिए जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से लगभग 29 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क निर्माण का कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। वहीं ढेंगुरनाला एवं बेलगिरी पुल के मरम्मत कार्य के लिए भी कार्यादेश जारी किया जा चुका है और शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## रोड से आधा फुट ऊंचा बना है कल्वर्ट, आवागमन में परेशानी

# ऊंचे कल्वर्ट से गायत्री मंदिर रोड में हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालकोनगर जोन अंतर्गत गायत्री मंदिर रोड में पानी निकासी के लिए बनाए गए कल्वर्ट से जल भराव की समस्या से निजात मिल गया है। किन्तु रोड से लगभग आधा फुट ऊंचा कल्वर्ट बनाए जाने से आवागमन में परेशानी खड़ी हो गई है।

बालको नगर क्षेत्र से कोरबा जाने-आने का मुख्य मार्ग भदरापारा-लालघाट सड़क गड्ढों से भर गई है और मिश्र मेडिकल स्टोर्स के पास बना कलवर्ट इतना ऊंचा है कि वाहन पलटने का खतरा बना हुआ है। इस समस्या को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता रामकिशोर शर्मा ने नगर पालिक निगम, कोरबा के आयुक्त को पत्र लिखकर जनहित में तुरंत मरम्मत कराने की मांग की है। अधिवक्ता शर्मा ने अपने आवेदन में बताया कि बालको से कोरबा का यही एकमात्र सुगम मार्ग है, लेकिन बड़े-बड़े गड्ढों के कारण सड़क चलने लायक नहीं बची। साथ ही नाली निर्माण के समय बनाए गए कलवर्ट को सड़क से बहुत ऊंचा बना दिया गया है, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन गुजरने में दिक्कत हो रही है। रात के समय यह और भी घातक साबित हो रहा है। बारिश में गड्ढों में पानी भर जाने से गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे पैदल चलने वाले और वाहन चालक दोनों के लिए यह मार्ग जानलेवा बन गया है।




निर्माणाधीन कल्वर्ट।

### रिस्दी ढेंगुरनाला पुल हुआ जर्जर



बालको से रिस्दी की ओर जाने वाले ढेंगुरनाला पुल में बना पुल वर्तमान में बारिश के पानी के भरने से जर्जर हो चुका है। पुल का एक हिस्सा कुछ नीचे धंसने से भारी वाहनों के साथ छोटे वाहनों को निकालने में समस्याएं सामने आ रही हैं। सोमवार को हुई दिनभर बारिश से पुल की जर्जर हालत देखकर अधिकांश छोटे वाहन चालक मार्ग से आवागमन नहीं कर रहे थे। वहीं भारी वाहनों का कुछ देर के लिए जाम लग गया था।

### दो दिन की बारिश में उखड़ गई छातासराई की सड़क

ग्राम पंचायत माखुरपानी के आश्रित ग्राम छातासराई की सड़क पहली ही बारिश में बदहाल हो गई है। सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि ग्रामीणों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जगह-जगह कीचड़ और गहरे गड्ढे बनने से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में भारी लापरवाही और गुणवत्ता से समझौता किया गया, जिसके कारण महज दो-तीन दिन की बारिश में ही पूरी सड़क की वास्तविकता सामने आ गई।

# मछली पकड़ने गए अधेड़ की डूबने से मौत, 48 घंटे बाद मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नदी से शव को बाहर निकालते रेस्क्यू टीम।

कटघोरा क्षेत्र में लगातार बारिश के बीच नाले में बह गए एक ग्रामीण का शव 48 घंटे बाद बरामद किया गया। डिंडोलभाठा गांव निवासी बंधु लोहार मछली पकड़ने के दौरान तेज बहाव में बह गए था। पुलिस और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने कई 48 घंटों की मशक्कत के बाद शव बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डिंडोलभाठा निवासी बंधु लोहार (52 वर्ष) सोमवार की सुबह करीब 10 बजे गांव के पास स्थित नाले में मछली पकड़ने गया था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद परिजनों ने मंगलवार को कटघोरा पुलिस को सूचना दी। मामले में संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी मोतीलाल पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। नाले में तेज बहाव के कारण रेस्क्यू में दिक्कत आने पर एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। मंगलवार को पूरे दिन सर्च ऑपरेशन चला, लेकिन अंधेरा और तेज बहाव के कारण अभियान रोकना पड़ा। बुधवार सुबह एसडीआरएफ और पुलिस ने दोबारा तलाश शुरू की। कई घंटे की मशक्कत के बाद बंधु लोहार का शव नाले से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बदहाल हुआ सर्वमंगला चौक का सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बदहाल सर्वमंगला चौक।

शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार विभिन्न चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है लेकिन शहर के प्रमुख प्रवेश द्वार सर्वमंगला चौक की स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है।

सौंदर्यीकरण के तहत यहां स्थापित की गई ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत करती मूर्तियां आज उपेक्षा का शिकार हैं। मूर्तियों के आसपास बड़े-बड़े घास-फूस और झाड़ियां उग आई हैं। कई स्थानों पर संरचनाएं भी जर्जर होती दिखाई दे रही हैं, जिससे पूरे स्थल की सुंदरता फीकी पड़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस परिसर की न तो नियमित सफाई हुई है और न ही रखरखाव। परिणामस्वरूप शहर में प्रवेश करने वाले लोगों के सामने कोरबा की पहली तस्वीर बदहाल नजर आती है। एक ओर निगम आयुक्त के निर्देशन में शहर के भीतर कई स्थानों पर सौंदर्यीकरण और स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं शहर के प्रवेश द्वार पर स्थित इस महत्वपूर्ण स्थल की अनदेखी कई सवाल खड़े करती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि महीनों से निगम के अधिकारी यहां निरीक्षण के लिए भी नहीं पहुंचे हैं। नागरिकों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि सर्वमंगला चौक स्थित मूर्तियों और परिसर की तत्काल साफ-सफाई कराई जाए, झाड़ियों को हटाकर हरियाली को व्यवस्थित किया जाए तथा आवश्यक मरम्मत और रंग-रोगन कर इस स्थल को फिर से आकर्षक बनाया जाए, ताकि शहर में प्रवेश करने वाले लोगों पर कोरबा की सकारात्मक और सुंदर छवि बने।

## अतिक्रमण पर प्रशासन का चला बुलडोजर

**कटघोरा।** जिले को अतिक्रमणमुक्त करने के लिए शासन ने कमर कसी है। शहरी क्षेत्र में कई स्थानों पर इस तरह की कार्रवाई के बाद कटघोरा-अमरकंटक मार्ग पर कसनिया चौराहे से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। बीते वर्ष मुख्यमंत्री ने सहस्त्रबाहु चौराहा का भूमिपूजन करने के साथ कटघोरा के विकास को लेकर घोषणाएं की थी। नगरीय प्रशासन ने मुख्यमंत्री की घोषणा के कार्यान्वयन के संबंध में योजना को आगे बढ़ाया और इस दिशा में काम शुरू किया। ज्ञात हो कि चौराहे के विकास की घोषणा के समय तक यहां इक्का-दुक्का अवैध निर्माण थे। सबकुछ जानते हुए भी यहां सरेआम अतिक्रमण के मामलों में बढ़ोत्तर हुई। सरकारी जमीन को कब्जाने और बाद में अपना दावा ठोकने के लिए लोगों ने उत्साह दिखाया। समय रहते ऐसे प्रयासों को हतोत्साहित करने की जरूरत नहीं समझी गई। इतना जरूर है कि कुछ मौकों पर ऐसे लोगों को नोटिस दिए गए, उन्होंने इसे हल्के में लिया। जानकारी के अनुसार हाइवे पर चौराहे की स्थिति और आसपास में बड़ी संख्या में अवैध निर्माण होने से ब्लैक स्पॉट की तस्वीर बनी थी।

## नशा मुक्ति केंद्र का प्रभावी संचालन हो

**कोरबा।** जिले में नशा मुक्त वातावरण तैयार करने तथा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए नशे की रोकथाम, जनजागरूकता तथा तंबाकू नियंत्रण से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई ।

**CHAMPION CERAMICS PVT LTD**
URGENT REQUIREMENT
AUTOCAD: AUTOCAD - 2 POST
B.E./ DIPLOMA - MECHANICAL (EXPERIENCE CANDIDATE)
PURCHASE: PURCHASE OFFICER - 5 POST
GRADUATE WITH ERP KNOWLEDGE (EXPERIENCE CANDIDATE)
ACCOUNTS: ACCOUNTANT - 4 POST
GRADUATE B.COM/M.COM AND TALLY (EXPERIENCE CANDITATE)
COMPUTER OPERATOR: COMPUTER OPERATOR - 4 POST
GRADUATE WITH ADVANCED EXCEL & OFFICE (EXPERIENCE CANDITATE)
HR EXECUTIVE: HR EXECUTIVE - 1 POST
GRADUATE IN ANY FIELD (EXPERIENCE CANDIDATE)
MECHANICAL: MECHANICAL ENGINEER - 5 POST B.E. / DIPLOMA - MECHANICAL (FRESHER / EXPERIENCE)
SALES & MARKETING: SALES & MARKETING EXECUTIVE - 1 POST
GRADUATE IN ANY FIELD WITH GOOD COMMUNICATION IN ENGLISH (FRESHER / EXPERIENCE)
SALARY: NEGOTIABLE
Kartik Dharma Address:- Industrial Area, Korba Road, Champa, C.G.
Mob. No. 8226000791, 8226008048
Email Id:-hr@championrefratech.com

**न्यायालय तहसीलदार अकलतरा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**
**क्रमांक /Q/EWS/तह./2026**
**अकलतरा, दिनांक.....**
रा.प्र.क /ब-121/2025-26
ग्राम - तरौद प.ह.नं. 22

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक श्रेयांश अग्रवाल पिता अंकुर अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम तरौद तहसील अकलतरा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वयं के लिए शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश प्राप्त करने / नौकरी हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 27/7/2026 को प्रातः 10.30 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते है। उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 9/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**अकलतरा**
**जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**प्रारूप - (एक)**
**शपथ पत्र का प्रारूप**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि प्रमोद कुमार कश्यप उम्र 40 साल पिता जीवधन लाल कश्यप निवासी ग्राम रोगदा तहसील नवागढ़ जिला : जाँजगीर-चाम्पा (छ.ग.) का मूल निवासी हैं, जिनके पुत्री के आधार कार्ड नंबर 5764 3954 2779 में नाम कु.तनवी (Ku. Tanvi) माता रोशनी कश्यप (Roshni Kashyap) लिखा हुआ हैं, जो कि गलत हैं, इनकी पुत्री का वास्तविक नाम जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेज में तनवी कश्यप (TANVI KASHYAP) पिता प्रमोद कुमार कश्यप (PRAMOD KUMAR KASHYAP) अंकित हैं, जो कि सभी शासकीय व अर्द्धशासकीय रिकार्डो, बैंक पासबुक से लेकर आधार कार्ड व सभी कागजातो एवं शैक्षणिक दस्तावेजो व आधार कार्ड नंबर 5764 3954 2779 में तनवी कश्यप (TANVI KASHYAP) पिता प्रमोद कुमार कश्यप (PRAMOD KUMAR KASHYAP) लिखा व पढ़ा जावेगा, इसमें किसी भी प्रकार कोई भ्रांति नहीं हैं, इस संदर्भ में दिनांक 14.06.2026 को शपथ पत्र भी सत्यापित किया गया है।

**स्थान : जांजगीर**
**दिनांक : 13.06.2026**
**भवदीय**
**प्रमोद कुमार कश्यप**
**मोबाईल नं 6263408760**

**न्यायालय तहसीलदार जैजैपुर, जिला सक्ती (छ.ग.)**
**नोटिस**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26
साकिन- जैजैपुर, तहसील जैजैपुर
प्रति, कौशिल्या बाई पिता अमरनाथ उम्र 56 वर्ष जाति चंद्रनाहू साकिन जैजैपुर तहसील जैजैपुर जिला सक्ती छ.ग.

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26 में आवेदक गण 1. श्री भरतलाल उम्र 60 वर्ष 2. शत्रुहन लाल उम्र 60 वर्ष 3. छोटेलाल उम्र 56 वर्ष तीनो पिता श्री अवधराम सभी जाति चंद्रनाहू साकिन जैजैपुर तहसील जैजैपुर जिला सक्ती छ.ग. के द्वारा ग्राम जैजैपुर तहसील जैजैपुर जिला सक्ती छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 4436 रकबा 0.3640 हे. (0.90 ए.) भूमि का व्यवहार न्यायधीश कनिष्ठ श्रेणी जैजैपुर का व्य.वाद क्र. 01अ/2019 CGJC090000012019 पक्षकार भरतलाल वगै. बनाम आजाद सिंह वगै. ग्राम जैजैपुर में पारित निर्णय दिनांक 15. 05.2026 एवं डिक्री के परिपालन में वाद भूमि खसरा नंबर 4436 रकबा 0.3640 हे. भूमि को आवेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दुरूस्त किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

जिसकी सुनवाई हेतु मेरे न्यायालय में दिनांक 15.07.2026 को नियत है अतएव आप नियत तिथि में उपस्थित होकर स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से अपनी जवाब प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूध्द प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही कर आगे की न्यायालयीन कार्यवाही कर दिया जावेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार रहोगे।

आज दिनांक 03.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की शील मोहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**जैजैपुर**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742


APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो . 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

ADMISSIONS OPEN
Balvatika PLAY SCHOOL
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP | NURSERY | JUNIOR KG | SENIOR KG | CLASS 1st to CLASS 8th
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing 15 Years Experience

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing 15 Years Experience

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



# रामलला का लिया आशीर्वाद शुरू की श्री रामभूमि की शूटिंग

**मुंबई।** अनुपम खेर ने बुधवार से अपनी आगामी फिल्म 'श्री रामभूमि' की अयोध्या में शूटिंग शुरू कर दी है। लेकिन, फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले उन्होंने रामलला का आशीर्वाद लिया और साथ ही कुछ खास तस्वीरें भी साझा की हैं। इन तस्वीरों में अनुपम बेहद खुश नजर आ रहे हैं। अनुपम ने बताया कि उन्होंने यह आशीर्वाद अपने लिए, अपने परिवार और दोस्तों के लिए, अपनी फिल्म के लिए और अपने सभी चाहने वालों के लिए मांगा। अनुपम ने यह भी लिखा कि वहां जाकर उन्हें बहुत अच्छा लगा और बहुत सुखद अनुभव हुआ। उन्होंने हजारों राम भक्तों के साथ मिलकर 'जय श्री राम' के नारे भी लगाए।

## लाइफ Style

# गीतिका

## सतलज में असरदार रोल की वजह से चर्चा में

हरियाणा में जन्मी और दमदार कंटेंट वाली फिल्मों में बेहतरीन एक्टिंग के लिए पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस गीतिका विद्या ओहल्यान, फिल्म 'सतलज' को ओटीटी से हटाए जाने को लेकर मचे विवाद के बीच, इस फिल्म में अपने असरदार रोल की वजह से फिर चर्चा में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गीतिका विद्या ओहल्यान हरियाणा की एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी नैचुरल और रियलिस्टिक एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने पारंपरिक ग्लैमर के बजाय ज़्यादातर कंटेंट-बेस्ड सिनेमा को चुना है, और इसी वजह से फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में उनकी एक मजबूत पहचान बनी है। फिल्मों में आने से पहले, गीतिका ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के किरोड़ीमल कॉलेज से इंग्लिश लिटरेचर की पढ़ाई की। कॉलेज के दिनों में, वह कॉलेज के ग्रुप 'द प्लेयर्स' के जरिए थिएटर से गहराई से जुड़ गईं, जहां उन्होंने नुक्कड़ नाटकों और स्टेज पर होने वाले नाटकों के लिए एक्टिंग की, उन्हें डायरेक्ट किया और उनके लिए स्क्रिप्ट भी लिखीं। गीतिका का सफर थिएटर से काफी हद तक आकार लेने वाला रहा। उन्होंने भारत के पहले बड़े बॉलीवुड म्यूजिकल 'जंगूरा' के लिए 300 से ज्यादा लाइव शो में भी काम किया, जिससे उन्हें फिल्मों और वॉइस वर्क में आने से पहले स्टेज का काफी अनुभव मिला। उन्होंने अपनी स्क्रीन की शुरुआत तारीफें बटोरने वाली फिल्म 'सोनी' से की, जिसने उन्हें ज्यादा लोगों तक पहुंचाया और अपनी दमदार कहानी के लिए तारीफ हासिल की।



## हॉलीवुड मसाला



# मोआना बनकर जीता दुनिया का दिल...

**नई दिल्ली।** डिज्नी की मचअवेटेड फिल्म मोआना दर्शकों का दिल जीतने के लिए आ रही है। मोआना में मोआना का किरदार किसी और ने नहीं, बल्कि 19 साल की एक्ट्रेस कैथरीन लगाइया ने निभाया है। उन्होंने बताया कि, इस किरदार ने उन्हें सिर्फ एक एक्टर के रूप में ही नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में भी बदल दिया। जब उनसे पूछा गया कि उनकी मोआना दुनिया भर की उन यंग लड़कियों को क्या मैसेज देना चाहेगी तो इस पर कैथरीन ने कहा कि, फिल्म के सबसे इमोशनल रिलेशन दादी ताला और मोआना के बीच का जो रिश्ता है वही अटूट है और इसी का जिक्र यहां उन्होंने किया।



# मैं न्यूयॉर्क का किस्मत वाला बच्चा : विन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार विन डीजल ने न्यूयॉर्क के एक शरारती बच्चे से लेकर स्क्रीन पर एक मशहूर डिटेक्टिव का किरदार निभाने तक के अपने सफर को याद किया और खुद को न्यूयॉर्क का बस एक किस्मत वाला बच्चा बताया। 58 साल के एक्टर का असली नाम मार्क सिंक्लेयर विंसेंट है। उन्होंने फोटो-शेयरिंग वेबसाइट पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने अपने बचपन की यादों के बारे में बात की और उस मशहूर किरदार के लिए अपने प्यार को जगाने का श्रेय अपनी दिवंगत दादी को दिया। डीजल ने कहा, 'मैं शुक्रगुजार हूं उस शहर का जिसने मुझे पाला-पोसा और दादी का जो उस सोफे पर मेरे साथ बैठती थीं और उन्हें कभी पता नहीं चला कि वह मेरी पूरी जिंदगी की कहानी गढ़ रही थीं। उम्मीद है आप इसे अच्छी जगह से देख रही होंगी।'



# किआरा-यश के बीच दिखी जबदस्त केमिस्ट्री

**नई दिल्ली।** फिल्म टॉक्सिक का पहला गाना तबाही रिलीज किया कर दिया गया है, जिसमें यश और बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के बीच जबरदस्त रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। टॉक्सिक का सॉन्ग तबाही पहले मेकर्स की तरफ से अनाउंस कर दिया गया था। इसके फर्स्ट लुक पोस्टर को लेकर भी काफी बवाल मचा था। लेकिन, फिल्म की रिलीज डेट बदलने के चलते इसको रिलीज नहीं किया गया था। अब टॉक्सिक का तबाही गाना रिलीज कर दिया गया है, जिसकों हिंदी सहित, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में पेश किया गया है। फिल्म के इस गीत में अभिनेता यश और अभिनेत्री कियारा आडवाणी इंटीमेट रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिल रही है, जिसने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा है।



# पर्दे पर दिखेगी क्रिकेट के दादा की कहानी

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के सबसे लोकप्रिय कप्तान और क्रिकेटर सौरव गांगुली को जाना जाता है। लंबे समय से उनका नाम बायोपिक फिल्म को लेकर चर्चा में बना हुआ है, जिसमें अभिनेता राजकुमार राव लीड रोल में मौजूद हैं। 8 जुलाई को सौरव गांगुली के बर्थडे स्पेशल के मौके पर बायोपिक मूवी दादा-द सौरव गांगुली स्टोरी का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट हुआ है। साथ ही मेकर्स की तरफ से इस फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान किया गया है। हिंदी सिनेमा के इतिहास में क्रिकेट के खिलाड़ियों पर लंबे समय से फिल्में बनती आ रही हैं। एमएस धोनी, कपिल देव और मोहम्मद अजरूद्दीन के बाद अब सौरव गांगुली का नाम भी इस फेहरिस्त में शामिल हो गया है। सौरव गांगुली की बायोपिक दादा का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। जिसमें एक्टर राजकुमार राव गांगुली के रोल में नजर आ रहे हैं।

## टीवी मसाला



# कई सरप्राइज लेकर आएगा मिसमैच्ड का नया सीजन

**नई दिल्ली।** नेटफ्लिक्स के लोकप्रिय शो 'मिसमैच्ड' के चौथे सीजन की शूटिंग शुरू हो गई है। इस रोमांटिक ड्रामा के नए सीजन के लिए एक्टर्स प्राजक्ता कोली और रोहित सराफ ने काम करना शुरू कर दिया है। नेटफ्लिक्स ने एक छोटी वीडियो क्लिप के साथ यह जानकारी दी। नेटफ्लिक्स ने शूटिंग शुरू होने की घोषणा की है। आने वाला सीजन इस शो का आखिरी चैप्टर भी होगा। जाने-पहचाने कलाकारों की वापसी के साथ सीजन 4 कहानी को तीसरे सीजन की घटनाओं से आगे बढ़ाएगा। तीसरा सीजन इस बात पर खत्म हुआ था कि डिंपल आहूजा और ऋषि सिंह शेखावत ने अपनी सगाई कुछ समय के लिए टाल दी थी ताकि वे अपने करियर पर ध्यान दे सकें। चौथे सीजन में रणविजय सिंह, विद्या मालवड़े, विहान समत, देवयानी शोरे, प्रिया बनर्जी, तारुक रैना, मुस्कान जाफरी, आकर्ष खुराना और एहसास चन्ना भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। मेकर्स का कहना है कि नया सीजन दर्शकों के लिए जाने-पहचाने चेहरे, नई यादें और कई सरप्राइज लेकर आएगा। संध्या मेनन के 2017 के नॉवेल 'व्हेन डिंपल मेट ऋषि' पर आधारित 'मिसमैच्ड' 20 नवंबर, 2020 को रिलीज हुई थी। इस सीरीज का दूसरा सीजन 14 अक्तूबर, 2022 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ। आकर्ष खुराना और निपुण धर्माधिकारी के डायरेक्शन में बनी यह रोमांटिक ड्रामा सीरीज ऋषि सिंह शेखावत की कहानी है, जिसे टेक विजार्ड डिंपल आहूजा से प्यार हो जाता है। प्राजक्ता कोली ने कहा, 'आखिरी सीजन के लिए 'मिसमैच्ड' के सेट पर वापस आना बहुत इमोशनल है। डिंपल मेरी सफर का एक बहुत बड़ा हिस्सा रही है और नेटफ्लिक्स पर उसकी कहानी का आखिरी चैप्टर बताने का मौका मिलना ऐसी चीज है, जिसके लिए मैं हमेशा शुक्रगुजार रहूंगी।

## शिल्पा पर आकांक्षा ने साधा निशाना

**नई दिल्ली।** लॉक अप का दूसरा सीजन जबसे शुरू हुआ है तबसे शो काफी चर्चा में है। शो में हर दिन नए हंगामे देखने को मिलते हैं। अब हाल ही में शो



का प्रोमो सामने आया है जिसमें दिखाया गया कि श्रेया कालरा अपने कार्ड पावर का यूज करेंगी आकांक्षा चौधरी के खिलाफ उनका खाना रोक कर। दोनों के बीच लड़ाई होती है और यह मामला आगे ज्यादा बढ़ जाता है। श्रेया फिर आकांक्षा से माफी मांगने को बोलती हैं, लेकिन आकांक्षा मना कर देती हैं। इसके बाद आकांक्षा जैसे ही स्क्रीन को टच करती हैं खाने को ऑर्डर करने के लिए, श्रेया उन्हें रोक देती हैं और फिर हंगामा मच जाता है। श्रेया फिर उन्हें धमकी देती हैं कि दोबारा मुझे टच मत करना। मैं थप्पड़ मार दूंगी। वहीं, फिर बाद में आकांक्षा ने शिल्पा शिंदे की बिग बॉस जीत को लेकर तंज कसा और कहा, पिछले शो में रोटियां बेलते हुए शो जीता था, यहां रोटियां बेलने वाला सिस्टम नहीं है मैडम।

# गीतकार ने मांगे ज्यादा पैसे तो डायरेक्टर ने खुद ही लिख दिया ये अमर गीत...

***नई दिल्ली।** 1974 में एक फिल्म आई थी 'हवस। फिल्म में वरुण धवन के ताऊ जी अनिल धवन लीड एक्टर थे। उनकी हीरोइन बनीं थीं नीतू कपूर। इस फिल्म की कहानी शायद आपको याद नहीं होगी, लेकिन मोहम्मद रफी की आवाज में एक गाना इसकी पहचान बन गया। वो गाना था 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम'। अनिल धवन पर फिल्माया गाना फिल्म की पहचान बन गया। लेकिन, क्या आप जानते हैं ये गान किसी गीतकार ने नहीं बल्कि फिल्म के डायरेक्टर सावन कुमार ने अपनी आर्थिक स्थिति और गीतकार से अपमानित महसूस करने के बाद लिख डाला था।*

### सावन कुमार की आर्थिक स्थिति थी खराब

ये वो वक्त था जब फिल्म हवस को बनाने वाले सावन कुमार की आर्थिक स्थिति खराब थी। इससे पहले आई फिल्म गौमती के पार फ्लॉप हो गई थी। ऐसे में बजट टाइट था, लेकिन वो हवस को शानदार तरीके से बनाना चाहते थे। खासकर फिल्म के गानों को लेकर वो गंभीरता से विचार कर रहे थे। उन्होंने फिल्म के एक गाने के लिए उस समय केमशहूर गीतकार मजरूह सुल्तानपूरी से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब तीन घंटे फिल्म के गानों को लेकर बात हुई। गीतकार ने घर आए डायरेक्टर को खाना खिलाया। फिर पैसों को लेकर बातचीत हुई। मजरूह सुल्तानपुरी ने डायरेक्टर सावन कुमार से एक गाना लिखने की कीमत 25 हजार मांगी। उस समय ये गीतकार की एक फिल्म के लिए फीस हुआ करती थी।



### ये गाना उस साल का सबसे बड़ा हिट बना

सावन कुमार ने खुद अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने एक गाने के लिए मजरूह सुल्तानपुरी को मनाया। गीतकार ने साफ़ कह दिया था कि चाहे एक गाना लिखवाओ या चार, फीस तो 25 हजार ही लेंगे। वो अपनी फीस कम करने को तैयार ही नहीं हुए। ऐसे में सावन कुमार निराश मन के साथ अपने घर लौट रहे थे। उनके घर की सीढ़ियों से उतरते समय सावन कुमार ने निराश मन के साथ कहा 'अब इनकी गलियों में कदम नहीं रखूंगा'। इसके बाद गाने का मुखड़ा 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम आज के बाद'। उन्होंने गाने का मुखड़ा फिल्म की म्यूजिक कंपोजर ऊषा खन्ना को सुनाया। कंपोजर ने सुनते ही कहा सुपरहिट। इसके बाद दोनों ने मिलकर गाने का अंतरा पूरा किया और मोहम्मद रफी ने इस गाने को आवाज देकर इसे अमर कर दिया। ये गाना उस साल का सबसे बड़ा हिट बना।

# मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2026 नॉमिनेशन की घोषणा ...

मुंबई। इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न के 17वें एडिशन के लिए नॉमिनेशन लिस्ट जारी कर दी गई है। यह फेस्टिवल 13 अगस्त से 23 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया जाएगा। इस फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा और ओटीटी प्लेटफॉर्म की बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज को अवॉर्ड दिए जाएंगे। इस साल लिस्ट में सितारे जमीन पर, कांतारा: चैप्टर 1, सैयारा, मेंबर्स ऑफ द प्रॉब्लमेटिक फैमिली और नॉट ए हीरो जैसी फिल्में अलग-अलग कैटेगरी में टॉप दावेदारों में शामिल हैं।

विजेताओं का फैसला ऑस्ट्रेलिया की फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े जूरी मेंबर्स करेंगे। बेस्ट एक्टर (मेल)- आमिर खान, रणवीर सिंह, ऋषभ शेट्टी, दुलकर सलमान, ममूटी, अहान पांडे, भुमन भार्गव दास और संजय मिश्रा। बेस्ट एक्ट्रेस (फीमेल)- रानी मुखर्जी, यामी गौतम धर, नीना गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, कल्याणी प्रियदर्शन, राजश्री देशपांडे, अनीत पड्डा और रितुपर्णा सेनगुप्ता। बेस्ट फिल्म- सितारे जमीन पर, कांतारा: ए लेजेंड - चैप्टर 1, सैयारा, हक, जरान, लोकाह चैप्टर 1, शारथोपोर और द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली। बेस्ट डायरेक्टर- ऋषभ शेट्टी (कांतारा 1), आरएस प्रसन्ना (सितारे जमीन पर), मोहित सूरी (सैयारा), अश्विनी अय्यर तिवारी (सिस्टम), शाजिया इकबाल (धड़क 2), रीमा दास, चंद्राशीष रे और रामलिंगम गौतम। बेस्ट वेब सीरीज- कोहरा (सीजन 2), मटका किंग, सपने वर्सेस एवरीवन, फ्रीडम एट मिडनाइट (सीजन 2) और द बैड्स ऑफ बॉलीवुड। इस फेस्टिवल में सिर्फ अवॉर्ड्स ही नहीं दिए जाएंगे, बल्कि कई नई फिल्मों के प्रीमियर, स्पेशल स्क्रीनिंग और सिनेमा से जुड़ी खास मास्टरक्लास और चर्चाएं भी होंगी।

### आमिर-रणवीर और ऋषभ के बीच होगा मुकाबला



## किशोर-लता ने दी आवाज, आज भी सदाबहार गानों की लिस्ट में है शुमार

# मुंबई की असली बारिश में शूट हुआ अमिताभ का यह गाना

### 57 साल पुराना कल्ट गाना

ज्यादातर बारिश के सीक्वेंस में नकली बारिश करवाई जाती है, लेकिन 57 साल पहले आई फिल्म के इस गीत को शूट करने के लिए मेकर्स ने असली बारिश का इंतजार किया था। यह गीत है 'रिमझिम गिरे सावन', जो अमिताभ बच्चन की फिल्म मंजिल (1979) का है।

### मरीन ड्राइव पर शूट किया गया था

बासु चटर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म मंजिल का सुपरहिट गाना 'रिमझिम गिरे सावन' को मुंबई के मरीन ड्राइव पर असली बारिश में शूट किया गया था। डायरेक्टर चाहते थे कि वह सीन असली लगे, इसलिए उन्होंने बिना किसी परमीशन के असली बारिश में नेचुरली उस सीन को शूट किया। उसमें कोई डांस सीक्वेंस नहीं था। अमिताभ और मौसमी चटर्जी बस मुंबई की सड़कों पर बारिश में घूम रहे थे, हंस रहे थे और मस्ती कर रहे थे।

*__नई दिल्ली।__ अमिताभ बच्चन ने कई सुपरहिट गाने दिए हैं। उनका एक गाना बारिश के मौसम के लिए एकदम परफेक्ट है। यह गाना 57 साल बाद भी गानों के शौकीन लोगों की लिस्ट में जरूर शामिल होगा। पांच दशक से कल्ट बने इस गीत को लता मंगेशकर और किशोर कुमार ने अमर बना दिया। सिर्फ आवाज ही नहीं, गाने के पीछे एक दिलचस्प किस्सा भी है। इस गाने को मुंबई की असली बारिश में शूट किया गया था।*



### बिना किसी डांस सीक्वेंस के हुआ था शूट

एक बार मौसमी चटर्जी ने खुद एक इंटरव्यू में बताया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें पता ही नहीं कि शूटिंग कब शुरू हो गई थी। उन्होंने कहा था, 'बस हम काफी देर तक चलते रहे और बारिश में भीगते रहे। हमें पता ही नहीं चला कि इसकी शूटिंग हो रही थी।' एक्ट्रेस ने यह भी बताया था कि बारिश के चलते उनका काजल भी बह गया था। यह गीत आज भी सदाबहार गानों की लिस्ट में शुमार है। इस गीत को लता मंगेशकर और किशोर कुमार ने गाया था। जबकि इसके लिरिक्स योगेश ने लिखे थे। गाने को आरडी बर्मन ने कंपोज किया था।

### आखिर क्यों रियल बारिश ही चाहिए थी

*मौसमी ने आगे बताया था कि वहां गाना सुनाई भी नहीं दे रहा था। वहां सामने से एक रुमाल हिलाया जाता था तो समझ जाते थे कि गाना शुरू हो गया। अब सवाल यह उठता है कि आखिर इस गाने को रियल बारिश में ही क्यों शूट किया गया तो बताते हैं आपको। दरअसल, यह गाना था फिल्म मंजिल का जिसे बसु चटर्जी ने डायरेक्ट किया था। वह चाहते थे कि यह सीन बिल्कुल रियल लगे।*

### अमिताभ को लेकर एक किस्सा

*इस फिल्म को लेकर एक किस्सा है कि जब अमिताभ बच्चन ने यह फिल्म साइन की थी तब अमिताभ का स्टारडम नहीं था। ऐसा कहा जाता है कि उस वक्त किरण कुमार ने बिग बी के साथ 2 दिन शूट किया था और फिर उन्होंने डायरेक्टर से बिग बी को हटाने को कहा, यह कहते हुए कि वह फ्लॉप एक्टर हैं। लेकिन, बसु चटर्जी ने किरण को ही फिल्म से बाहर कर दिया।*

**खबर संक्षेप**

## छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी से बचाव एवं यातायात नियमों की दी गई जानकारी



**बिर्रा।** शासकीय डीडीएस उत्तर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी से बचाव एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन नहीं चलाने एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सामुदायिक पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत थाना बिर्रा प्रभारी निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव द्वारा शासकीय डीडीएस उत्तर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में छात्र-छात्राओं के लिए यातायात एवं साइबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नाबालिग बच्चों द्वारा मोटरसाइकिल एवं अन्य मोटर वाहन नहीं चलाने के प्रति जागरूकता बढ़ाना। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को जानकारी देते देते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा वाहन चलाना कानूनन प्रतिबंधित है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे स्वयं वाहन न चलाएं। इस दौरान विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों, हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, यातायात संकेतों के पालन तथा सुरक्षित आवागमन की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, ओटीपी, पासवर्ड एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने तथा किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने के संबंध में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। विद्यालय के शिक्षकों ने इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में कानून के प्रति सम्मान, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### पैर फिसलने से किसी भी बच्चे या राहगीर के गहरे तालाब में डूबने का खतरा

# दर्री तालाब का टूट रहा तटबंध और झुका बिजली पोल दुर्घटना को दे रहा आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

महामाया मंदिर के समीप स्थित दर्री तालाब का तटबंध टूट गया है। वहीं बिजली का खंभा भी झुक गया है। इससे हर पल दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इसे लेकर क्षेत्र की जनता में आक्रोश व्याप्त है। नगरवासियों ने नगर पालिका के उच्च अधिकारियों से तत्काल दर्री तालाब की तटबंध का निर्माण शीघ्र कराया जाने और बिजली के पोल को वहां से हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो नगरवासी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ऐतिहासिक महामाया मंदिर के समीप स्थित दर्री तालाब के आसपास इन दिनों एक बड़ा खतरा मंडरा रहा है। तालाब के चारों ओर सुरक्षा के मद्देनजर बनाए गए तटबंध टूटने लगे है। वहीं ठीक किनारे पर लगा एक बिजली का पोल झुक गया है, जो कभी भी गिर सकता है। खास बात यह है कि इस गंभीर खतरे को देखने के बाद भी स्थानीय नगर पालिका प्रशासन उदासीन बना हुआ है। नागरिकों का कहना है कि यहां कभी भी कोई बड़ी और अप्रिय दुर्घटना घट सकती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं। महामाया मंदिर आस्था का बड़ा केंद्र होने के कारण यहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। इसके साथ ही तालाब के आसपास सुबह-शाम स्थानीय नागरिकों और बच्चों की भारी चहल-पहल रहती है। सुरक्षा घेरा टूट जाने के कारण अंधेरे में या पैर फिसलने से किसी भी बच्चे या राहगीर के गहरे तालाब में डूबने का अंदेशा बना हुआ है। तटबंध के साथ ही वहां लगा बिजली का खंभा (पोल) पूरी तरह से जर्जर होकर एक तरफ झुक गया है। यह पोल हाई-वोल्टेज तारों से लैस है। तेज हवा या मामूली बारिश में भी इस पोल के गिरने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। यदि यह पोल तालाब के पानी या किसी राहगीर पर गिरता है, तो इसकी भयावहता की कल्पना भी नहीं की जा सकती। अधिकारियों की लापरवाही साफ दिख रही है। रोज यहां सैकड़ों लोग आते हैं। लोगों का कहना है कि अगर कोई बच्चा तालाब में गिर गया या वह बिजली का पोल किसी पर गिर गया, तो उसकी जान की जिम्मेदारी कौन लेगा। इस बदहाली को लेकर क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश है। स्थानीय निवासियों ने शासन-प्रशासन और नगर पालिका के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि तत्काल दर्री तालाब की तटबंध का निर्माण कराया जाए और बिजली के पोल को वहां से हटाकर दुरुस्त किया जाए। यदि जल्द ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो नगरवासी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रह्लाद पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित क्षेत्र की टूटी हुई बाउंड्री वॉल के निर्माण का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही संबंधित ठेकेदार को तत्काल प्रभाव से काम शुरू करने और निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।



टूटा तालाब का तटबंध।

# एचपीवी टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुरदा में एचपीवी टीकाकरण जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर एवं उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में व्याख्याता श्रीमती रजिया अंजुम शेख, श्रीमती वर्षा तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती साहू ने छात्राओं को संबोधित किया। स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती साहू ने बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि समय पर एचपीवी टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा संतुलित जीवनशैली अपनाकर इस गंभीर बीमारी से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने टीकाकरण को लेकर फैली भ्रांतियों को भी दूर किया और पात्र छात्राओं से निर्धारित समय पर टीका लगवाने की अपील की। व्याख्याता श्रीमती रजिया अंजुम शेख एवं श्रीमती वर्षा सिंह ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा इस महत्वपूर्ण जानकारी को अपने परिवार और समाज तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और स्वास्थ्य संबंधी अनेक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। जागरूकता अभियान के माध्यम से छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, एचपीवी टीकाकरण के महत्व तथा स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिसका लाभ उन्हें भविष्य में निश्चित रूप से मिलेगा।

■ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरदा में छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दी गई जानकारी





## कृषक उन्नति योजना के तहत किसान शिविर आज

**बिर्रा।** किसानों को धान फसल के अतिरिक्त दलहन और तिलहन फसलों में लाभ देने के उद्देश्य जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के बजरंग चौक में शुक्रवार 10 जुलाई को दोपहर 1 बजे से कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसान शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर में कृषि विभाग जैजैपुर के अधिकारियों के द्वारा किसानों को धान फसल के अतिरिक्त मूंगफली, अरहर,मूंग मसूर, तील, उड़द, अलसी आदि दलहन और तिलहन फसलों में मिलने वाले अतिरिक्त लाभ और बीमारियों के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक चर्चा कर जानकारी दी जाएगी। किकिरदा में आयोजित कृषक उन्नति योजना के तहत इस शिविर में किसानों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की गई है।










कोटा स्टडी सर्किल ब्रांच भिलाई तथा रायपुर में ड्रापर नीट, जेईई एवं पी.ई.टी. के अंतिम बैचेस में प्रवेश प्रारंभ

IIT-JEE Mains/ Advance Star Performers | NEET Star Performers



Buha Deep 99.93% | Mayank Gupta 99.93% | Amit Singh 99.91% | S. Rajkumar 96.00% | Chitendra Sahu 611 / 720 GMC | Subhasni Sahu 548 / 720 GMC DURG | Deepika Chandra 647 / 720 GMC RAIPUR | Vivek Kumar Verma 568 / 720 GMC RAJNANDGAON | Remmy Roy 609 / 720 GMC DURG

कोटा स्टडी सर्किल भारत सरकार के द्वारा रजिस्टर्ड एवं आइसो सर्टिफाइड तथा राजस्थान से संबंधित एक उत्कृष्ट कोचिंग संस्थान है। जहां विगत 17 वर्षों से नीट तथा जी ई ई के परीक्षाओं की तैयारी कोटा ट्रेंड एवं एवं बहुत ही अनुभवी टीम द्वारा फिजिक्स केमिस्ट्री बायोलॉजी एवं मैथ्स विषय की तैयारी गहनता से कराई जाती है। परिणाम स्वरूप यहां के छात्र अपनी अलग पहचान बनाते हैं। चाहे वह बोर्ड परीक्षाएं हो अथवा नीट एवं जीईई, कोटा स्टडी सर्किल ने विगत 17 वर्षों में राष्ट्र को होनहार डॉक्टर एवं इंजीनियर दिए हैं जो देश-विदेश में अपनी सेवाएं देकर अपने गुरुजन माता-पिता तथा संस्थान का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही माध्यम के छात्रों के लिए समान सुविधा उपलब्ध होती हैं। यहां का स्टडी मेटरियल तथा ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज इतना अच्छा होता है कि 100% परसेंट क्वेश्चंस आने की संभावना होती है। क्योंकि इस तरह डिजाइन किया जाता है कि अगर क्वेश्चन पेपर बनाने वाला एग्जामिनर किसी भी तरह एंगल से क्वेश्चन पूछे तो वह बन जाए, यहां समय-समय पर आत्मआकलन करने के लिए नीट तथा जीईई बेस्ड मॉक टेस्ट कराए जाते हैं। जिसका छात्रों को फायदा होता है तथा ऐसे छात्र एवं छात्राएं जो कि घर अथवा हॉस्टल में पढ़ाई का माहौल न होने के कारण डिस्टर्ब रहते हैं उनके लिए कोटा स्टडीज सर्कल में एक बेहतरीन लाइब्रेरी उनके पढ़ने के लिए व्यवस्थित की गई है। तथा डीपी पी की प्रैक्टिस कक्षा में ही कर दी जाती है।

जिससे कि वह आने वाले क्वेश्चंस के लिए पहले से तैयार रहते हैं। एवं समय रहते खुद को प्रिपेयर कर पाते हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां क्लास में क्लास के साथ-साथ ही डीपीपी के थ्रू छात्रों को आने वाली परीक्षाओं की पहले से तैयारी कराई जाती है। कोटा स्टडी सर्किल में बाहर से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए गर्ल्स तथा बॉयज के लिए पृथक-पृथक हॉस्टल तथा रहने के साथ-साथ मैस की सुविधा का भी ध्यान रखा जाता है। यहां फीस भी बहुत ही उचित ली जाती है जिससे कि पेरेंट्स के ऊपर कोई अतिरिक्त वर्णन ना आए।

यहां पर आपको माहौल देखने को मिलेगा की आपका बच्चा भिलाई अथवा रायपुर पढ़कर ही राजस्थान कोटा अथवा दिल्ली में स्थित सारी सुविधाओं को छत्तीसगढ़ के भिलाई तथा रायपुर में रहकर प्राप्त कर रहा है।

कोटा स्टडी सर्किल में ड्रॉपर बैजेस 12 तथा 15 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहे हैं। जहां प्रत्येक बैच में लिमिटेड सीट रखी गई है।

पलक रायपुर में आरसी कॉलेज के सामने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बाजू में कोटा स्टडी सर्किल तथा भिलाई में न्यू सिविक सेंटर कोटा स्टडी सर्किल में आकर संपर्क कर सकते हैं।





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10वीं, 12वीं एवं स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत एफएसडीएमआई भिलाई मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत् कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी आफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (डीआरडीओ), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है।

संस्था एफएसडीएमआई भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (एससी, एसटी, ओबीसी, जनरल) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।





## रोजगार हेतु व्यवसायिक प्रशिक्षण कम शुल्क में संपूर्ण तकनीकी शिक्षा



एस. एम. उमक

बेरोजगारों के उज्वल भविष्य के लिए अल्प समय में रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु पावर हाउस भिलाई में स्थित 39 वर्ष पुरानी इंदु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट एक अति विश्वसनीय संस्था है। जो आईएसओ 9001-2015 से प्रमाणित है। जहां प्रेक्टिकल आधारित कोर्स कराये जाते हैं। अत: प्रशिक्षण के बाद प्रेक्टिस करने की आवश्यकता नहीं होती है जिनका लाभ लेते हुए प्रतिवर्ष सैकड़ों बेरोजगार अपने पैरों पर खड़े होकर समाज और परिवार में सम्मान हासिल कर रहे हैं। संस्था छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करती है साथ ही इनकी नौकरी हेतु भी प्रयास करती है। संस्था में समय-समय पर तकनीकी कंपनियां तथा प्लेसमेंट एजेंसी जॉब हेतु संपर्क स्थापित करती है। इस तरह छात्रों को नौकरी भी प्राप्त हो जाती है।संस्था में मोबाईल हार्डवेयर/ सॉफ्टवेयर, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीकिल, फ्रिज-एसी, इन सभी विषयों का प्रेक्टिकल आधारित प्रशिक्षण दिया जाता है। इंदु टेक्निकल इंस्टीट्यूट एकमात्र संस्था है जो तकनीकी प्रशिक्षण में कम्प्यूटर के आधुनिक एनीमेशन का उपयोग करती है इससे कोर्स सरलता से छात्र-छात्राओं की समझ में आ जाते हैं चूंकि सभी कोर्स प्रेक्टिकल आधारित है तथा प्रत्येक छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत प्रेक्टिकल दिया जाता है अत: शैक्षणिक योग्यता का कोई मापदंड नहीं है किसी भी स्तर के छात्र-छात्राएं इन कोर्सेस को सरलता से पूर्ण कर सकते है। यदि छात्र-छात्राएं निश्चित अवधि में कोर्स पूर्ण नहीं कर पाते है और उन्हें अतिरिक्त समय भी लगता है तो अतिरिक्त समय हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाता अर्थात छात्र जब तक संतुष्ट नहीं हो जाता तब तक बिना अतिरिक्त शुल्क लिए कोर्स कराया जाता है। इसके अतिरिक्त भविष्य में छात्र-छात्राओं को कोर्स से संबंधित समस्या आने पर वह नि:शुल्क परामर्श ले सकते है। संस्था द्वारा कोर्स के पश्चात भी तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाता है सभी कोर्स सरल हिन्दी में कराए जाते हैं प्रशिक्षण अवधि में छात्रों को प्रेक्टिकल हेतु संपूर्ण सामग्री टूल्स एवं मटेरियल संस्था द्वारा दिया जाता है जिससे पालक पर ट्यूशन फीस के अतिरिक्त कोई बोझ नहीं होता। फीस के बारे में कहा जा सकता है कि जेब खर्च के बराबर फीस अर्थात् अत्यंत कम शुल्क में ये कोर्स कराये जाते हैं। संस्था में प्रेक्टिकल से भरपूर प्रशिक्षण का लाभ लेने के लिए यहां संपूर्ण छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, हिमांचल प्रदेश, उड़ीसा आदि के साथ-साथ नेपाल से भी छात्र आते हैं। बाहरी छात्रों हेतु संस्था का छात्रावास है।संस्था पावर हाउस बस स्टैंड एवं पावर हाउस रेलवे स्टेशन से अत्यधिक नजदीक होने से रायपुर, तिल्दा नेवरा, भाटापारा, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, दल्ली राजहरा रेल लाईन तक के प्रशिक्षणार्थी अप-डाउन कर कोर्स करते हैं। संस्था अपने सभी तकनीकी कोर्स पार्ट-टाईम अथवा फुलटाईम में संचालित करती है। जिससे नौकरी करने वाले शिफ्ट के अनुसार समय परिवर्तित कर प्रशिक्षण ले सकते हैं। प्रतिदिन 1.30 घंटे का समय देकर भी कोर्स किए जा सकते हैं। इस सेंट्रली एयर कुल्ड संस्था में प्रत्येक लैब में लगे कैमरों से संचालक द्वारा आडियो-विडियो मॉनिटरिंग की जाती है। इस तरह संस्था सभी दृष्टि से छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण हेतु दृढ़ संकल्पित एवं प्रयासरत है। जिसका लाभ उठाते हुए छात्र-छात्राएं कम फीस में भरपूर प्रेक्टिकल का लाभ लेते हुए आत्मनिर्भर हो सकते है एवं सबसे बड़ी बेरोजगारी की समस्या से निजात पा सकते है। नोट: महिलाओं हेतु विशेष व्यवस्था। संस्था में आने हेतु भिलाई पावर हाऊस के बस स्टैंड या पावर हाऊस स्टेशन पर उतरना होगा। संस्था की संपूर्ण जानकारी हेतु फोन करें।

(NGO सामाजिक संस्थाएं यदि युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते है तो संस्था उन्हें विशेष छूट और सहयोग प्रदान करती है।)

हमारी संस्था की कोई अन्य शाखा नहीं है।
www.indutechnical.com
मो.: 98271 94279
8770222654 74156 74157
पर संपर्क किया जा सकता है।

### समय का सदुपयोग-आय का साधन-प्रशिक्षण जो रोजगार दिलाए

**मोबाईल सर्विसिंग कोर्स**
कोर्स में हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर में इलेक्ट्रानिक्स कम्पोनेट, कम्प्युटर ऑपरेटिंग, एंटी वायरस, सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन, टच स्क्रिन व एन्ड्राइड मोबाईल, अनलॉकिंग, फ्लेशिंग, कार्ड राइटिंग, ब्लू-टूथ मोबाईल ओपनिंग-फिटिंग, सोल्डरिंग-डिसोल्डरिंग, बॉल आई.सी., प्लाटिंग एवं फॉल्ट फाईडिंग करवाई जायेगी।

**कम्प्यूटर हार्डवेयर**
महानगरी स्तर की शिक्षा कम शुल्क में
कोर्स में लेपटॉप, डेस्क टॉप प्रिंटर, मॉनीटर, स्केनर, SMPS पावर सप्लाई रिपेयरिंग, बेसिक इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटर असेम्बिलिंग एवं ट्रबलशूटिंग भी। भरपूर प्रेक्टिकल कम्प्यूटर से एनीमेशन द्वारा विशेष जानकारी।

**इलेक्ट्रिकल कोर्स**
वायरिंग, मोटर रिवाइंडिंग (1/2 से 27 एच.पी. तक) एवं घरेलू उपकरण वाशिंग मशीन मिक्सी, गिजर, कूलर, पंखे, लाईट, डेकोरेशन, जेट पंप, मोनो ब्लॉक पंपसेट, सबमर्सिबल पंप, टुल्लु पंप, मोटर स्टॉटर, पेनल बोर्ड, वेल्डिंग ट्रांसफारर्मर आदि का गारंटेड प्रशिक्षण।

**इलेक्ट्रानिक्स कोर्स**
एफ.एम. रेडियो, इंडक्शन चुल्हा, एलईडी, एलसीडी एवं सीआरटी टीवी पर प्रेक्टिकल आडियो, विडियो एमपी-3 सीडी प्लेयर, डीवीडी, होम थियेटर, डी.टी.एच., सिस्टम, इन्वर्टर का गारंटेड प्रशिक्षण।

**फ्रीज व एसी कोर्स**
फ्रिज (फ्रास्ट फ्री एवं नान फ्रास्ट), विंडो एसी, स्प्लीट एसी, ऑटो मोबाइल (कार) एसी, पैकेज (डक्टिंग) एसी, डीप फ्रीजर, चिल्ड वाटर सिस्टम, बॉटल कूलर, मिठाई के शोकेस का पूर्ण प्रेक्टिकल, गैस चार्जिंग सामान्य एवं आधुनिक गैस चार्जिंग स्टेशन दोनों पद्धतियों से।

छात्रावास सुविधा | स्थापना वर्ष 1987 | रविवार अवकाश

**इन्दु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट**
टी-मार्केट, पावर हाउस, भिलाई मो.: 98271-94279, 74156-74157